# सोनपुर मेला को लेकर प्रशासन का एक्शन मोड, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**हाजीपुर ( आससे )।** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला–2026 को भव्य, स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने के लिए शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समाहरणालय में व्यापक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए, जबकि अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। मेला की व्यवस्था के लिए चयनित वेंडर और एजेंसियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मेला के आयोजन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरी की जाएं। श्रद्धालुओं, पर्यटकों और आम नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर सुविधाओं से युक्त वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित करने पर उन्होंने विशेष बल दिया। साफ–सफाई को लेकर चयनित एजेंसी को निर्देश दिया गया कि मेला क्षेत्र की आवश्यकता के अनुरूप जोनवार सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक क्षेत्र में नियमित और प्रभावी साफ–सफाई हो तथा कहीं भी गंदगी जमा न होने पाए। सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला स्तरीय टीम गठित की जाएगी। सभी वेंडरों और एजेंसियों को निर्धारित जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ निर्वहन करने को कहा गया। विद्युत व्यवस्था को लेकर मेला क्षेत्र में जोनवार पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संबंधित एजेंसी को जोनवार कार्यादेश निर्गत कर सभी स्थलों पर समय से लाइटिंग की व्यवस्था पूर्ण करने को कहा गया। विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता और नियमित अनुश्रवण के लिए भी जिला स्तरीय टीम गठित की जाएगी। यातायात और पार्किंग की समीक्षा के दौरान एसडीओ सोनपुर ने बताया कि इंग्लिश बाजार से ट्रैक्टर हटाए जा चुके हैं। जहां पार्किंग की पर्याप्त संभावना है, वहां सुव्यवस्थित पार्किंग स्थल विकसित करने का निर्देश दिया गया। जेपी सेतु के दोनों ओर एक–एक क्रेन तथा एक अतिरिक्त स्पेयर क्रेन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मेला क्षेत्र में ड्रॉप गेट की सूची भवन निर्माण विभाग को उपलब्ध करा दी गई है।



फूड कोर्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसके संचालन के लिए अपर समाहर्ता, आपूर्ति की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्देश दिया गया। बिहार के सभी जिलों के विशिष्ट और पारंपरिक व्यंजनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। फूड कोर्ट में बड़े और प्रतिष्ठित ब्रांडों को भी स्टॉल आवंटित किए जाएंगे। वहां पर्याप्त पेयजल, वॉशरूम, प्रकाश और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। आर्ट एंड क्राफ्ट मेला में भी फूड स्टॉल विकसित किए जाएंगे। इसके तहत अंदर आधुनिक फूड कैफे तथा बाहर ग्रामीण परिवेश और पारंपरिक स्वरूप की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

## नहाय–खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

**हाजीपुर ( आससे )।** वैशाली जिले में शुक्रवार को नहाय–खाय के साथ चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत हो गई। सुबह से ही जिले के विभिन्न घाटों, तालाबों और नदियों पर व्रतियों की चहल–पहल देखी गई। हाजीपुर के कौनहारा, सीढ़ी घाट, पुल घाट, बालदास घाट सहित अन्य घाटों पर व्रतियों ने पवित्र स्नान के बाद पूजा–अर्चना की और घर पर बने सात्विक प्रसाद ग्रहण किया।



नहाय–खाय के दिन व्रतियों ने गंगा घाट, गंडक नदी और अन्य जलाशयों में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद साफ वस्त्र धारण कर भगवान भास्कर और छठी मइया की पूजा की। घर लौटकर उन्होंने कद्दू–भात, चने की दाल और शुद्ध घी में बने प्रसाद का सेवन किया। इस दिन से ही व्रतियों ने शुद्धता और संयम के नियमों का पालन शुरू कर दिया है।

हाजीपुर, महनार, लालगंज, महुआ, जंदाहा, पातेपुर और भगवानपुर सहित सभी प्रखंडों में छठ की तैयारियां जोरों पर हैं। घाटों की सफाई, रोशनी, बैरिकेडिंग और सुरक्षा को लेकर प्रशासन सक्रिय है। नगर परिषद और प्रखंड प्रशासन की ओर से घाटों पर साफ–सफाई और पेयजल की व्यवस्था की गई है।

शनिवार को व्रती खरना करेंगे। दिनभर उपवास के बाद शाम को गुड़ की खीर, रोटी और केले का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करेंगे। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, जबकि सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व का समापन होगा।

बाजारों में भी छठ को लेकर रौनक बढ़ गई है। सूप, दौरा, नारियल, केला, ठेकुआ के सामान और पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

## पीएम के वैशाली दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

## मुख्य सचिव और डीजीपी ने लिया जायजा

**हाजीपुर ( आससे )।** प्रधानमंत्री के 21 नवंबर को प्रस्तावित वैशाली दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। शुक्रवार को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा ने राजापाकर प्रखंड के जफरपट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने सभा स्थल, मंच, हैलीपैड, पार्किंग, संपर्क पथ, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और अन्य आधारभूत सुविधाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने अब तक की तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाओं को लेकर विभागवार कार्य चल रहा है और नियमित निगरानी की जा रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्यक्रम से जुड़ी हर व्यवस्था का बारीकी से आकलन किया जाए। विभागों के बीच बेहतर समन्वय, कार्यों की नियमित निगरानी और स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। वहीं पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा ने सुरक्षा और विधि–व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि मुख्य सचिव के निर्देशों के अनुरूप सभी विभागों के साथ समन्वय कर तैयारियां समय पर पूरी करा ली जायेगी।

### पीएम के आगमन को लेकर तैयारी पर मंत्री ने की बैठक

**महुआ( आससे )।** आगामी 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वैशाली जिले के राजापाकर स्थित जाफर पट्टी में प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को महुआ के विष्णु चौक स्थित भाजपा कार्यालय के ओसी पैलेस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार के केंद्रीय गृह राज्यमंत्री श्री नित्यानंद राय जी एवं बिहार सरकार के मंत्री श्री लखेन्द्र पासवान जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### शपथ पत्र

मैं, कुमारी अपर्णा (Kumari Aparana), पति-संजीव कुमार, निवासी ग्राम-हथसारगंज, पो.-हाजीपुर, थाना-हाजीपुर, वैशाली बिहार, शपथ पत्र सं.-11471 दि. 09.11.26 द्वारा घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र अर्णव के स्कूल पंजी में मरा नाम भूलवश अपर्णा कुमारी (Aparna Kumari) अंकित हो गया है, जो गलत है। शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम कुमारी अपर्णा (KUMARI APARANA) है।

### शपथ पत्र

मैं, अभिषेक, पिता-ईश्वर चन्द्र गुप्ता, निवासी-306, होली गंगा इन्क्लेभ, फेयर फिल्ड कॉलोनी संत पॉल स्कूल, दीघा, पो.+थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार-800012, शपथ पत्र सं.-535 दि. 313.11.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे वर्तमान रिकार्ड एवं कागजातों में मेरा नाम अभिषेक दर्ज है। भविष्य के लिए अपने नाम में टाइटिल गुप्ता जोड़ कर अब अभिषेक गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

---

**बिहार सरकार**

### समाहरणालय, मुजफ्फरपुर

(जिला योजना कार्यालय)

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 17/2026–27**

आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत मद से मुजफ्फरपुर जिला के PM श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खरौनाडीह, कुढ़नी, मुजफ्फरपुर में छात्र एवं छात्राओं के लिए मेडिकल से संबंधित विभिन्न सामग्रियों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु सुयोग्य आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है।

उक्त निविदा में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक **17.11.2026** को अपराह्न **05:00** बजे तक double-bid system के अन्तर्गत जिला योजना कार्यालय, मुजफ्फरपुर में प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदा को दिनांक **18.11.2026** को अपराह्न **03:00** बजे क्रय समिति के समक्ष कार्यालय प्रकोष्ठ में खोला जायेगा जिसमें निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी एवं शर्तें जिला योजना कार्यालय, मुजफ्फरपुर से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है तथा साथ ही जिला के वेबसाईट https://muzaffarpur.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
मुजफ्फरपुर

**PR. No. 015285 (Planning) 2026-27**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

---

बिहार सरकार

### समाहरणालय, सुपौल

(जिला भू–अर्जन कार्यालय)

Emaii.-dlaosupaul@gmail.com-com

**–ःआम सूचनाः–**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सुपौल जिला के सुपौल अनुमंडल अंतर्गत न्यायमंडल एवं परिवार न्यायालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के आवास निर्माण हेतु मौजा–खरैल (नगर पालिका वार्ड नं0–09/नगर परिषद वार्ड नं0–21), थाना नं0–152 में कुल रकवा–3.000 एकड़ भूमि अर्जन किया जा रहा है। उक्त परियोजना अन्तर्गत हितबद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान के निमित दिनांक–14.03.2026, दिनांक–24.07.2026 एवं दिनांक–21.08.2026 को सूचना निर्गत करते हुए दिनांक–23.03.2026, 24.03.2026 एवं 27.07.2026 को भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत करने, मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन प्राप्त करने एवं अन्य आपेक्षित सहयोग हेतु केम्प लगाया गया। परन्तु हितबद्ध रैयतों द्वारा अभी तक मुआवजा भुगतान हेतु कोई आवेदन/साक्ष्य/कागजात समर्पित नहीं किया गया है।

अतः संबंधित मौजा के हितबद्ध व्यक्तियों एवं रैयतों को सूचित किया जाता है कि यदि आप मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन/साक्ष्य/कागजात समर्पित नहीं करते है तो आपको मुआवजा की राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज नहीं दिया जाएगा, साथ ही संबंधित अभिलेख तथा मुआवजा की राशि सहित न्याय निर्णय हेतु प्राधिकार में जमा कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

समाहर्त्ता,
सुपौल

**PR. No. 015336 (REVENUE) 2026-27**

**नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।**

---

बिहार सरकार

### भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

संरचना प्रमण्डल संख्या–1 भवन निर्माण विभाग, पटना,

राष्ट्रीय/स्पर्द्धा ई–निविदा पद्धति के अनुसार

वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**शुद्धि पत्र–01**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ज्ञापांक–1860 (अनु0) दिनांक 31.10.2026 द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या–02/2026–2027 जिसका पी0आर0 संख्या–14757 (BCD) वर्ष 2026–27 है, जो दिनांक 04.11.2026 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है। उक्त निविदा में अपरिहार्य कारणों से अवधि विस्तार करते हुए आंशिक संशोधन किया जाता है:–

कार्य का नाम:– **Construction of Proposed Staff Quater's Near Aranya Bhawan at Patna, Bihar.**

| क्र0 | विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | नया संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.11.2026 से दिनांक 30.11.2026 को अपराहन् 15.00 बजे तक | दिनांक 18.11.2026 से दिनांक 10.12.2026 को अपराहन् 15.00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 01.12.2026 को 15.00 बजे | दिनांक 11.12.2026 को 15.00 बजे |
| 3 | प्री बीड मिटिंग की तिथि एवं स्थान | (i) दिनांक 11.11.2026 अधीक्षण अभियन्ता, संरचना अंचल का कार्यालय नियोजन भवन, पटना समय 16.00 बजे (ii) दिनांक 12.11.2026 मुख्य अभियन्ता (पटना) का कार्यालय विश्वेश्वरैया भवन, पटना समय 16.00 बजे | (i) दिनांक 23.11.2026 अधीक्षण अभियन्ता, संरचना अंचल का कार्यालय नियोजन भवन, पटना समय 16.00 बजे (ii) दिनांक 24.11.2026 मुख्य अभियन्ता (संरचना) का कार्यालय विश्वेश्वरैया भवन, पटना समय–16.00 बजे |
| 4 | निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 01.12.2026 को 16.00 बजे | दिनांक 12.12.2026 को 16.00 बजे |
| 5 | निविदा (वित्तीय बीड) खोलने की तिथि एवं समय | विभागीय निविदा समीति द्वारा तकनीकी बीड के निष्पादन के उपरांत | विभागीय निविदा समीति द्वारा तकनीकी बीड के निष्पादन के उपरांत |

नोटः कार्य समाप्ति की अवधि **18 माह के जगह पर 12 माह एवं प्रीड बिड बैठक हेतु मुख्य अभियंता (पटना) के स्थान पर मुख्य अभियंता (संरचना) पढा जाय।**

शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी इसे इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमंडल संख्या–01,
भवन निर्माण विभाग, पटना

PR- 015167 ( BCD ) 2026-27

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

---

**बिहार सरकार**

### कार्यालय नगर परिषद, बोधगया (गया)

Phone / Fax No -0631-2200719, E-Mail- bodhgayamunicipal@gmail.com

**Request for Proposal Short Time Re-Tender No-23/2026-27**

Nagar Parishad Bodhgaya (herein after referred as NPB) intends to issue Invitation for Bids for selection of NGOs/Agencies/institutions/Organization for the following work:-

**Inviting Proposals for** Construction of 25 TPD Compost Pit [Windrow] under nagar parishad Bodhgaya.

| | |
|---|---|
| Name and Address of Advertisement issuing Authority | Municipal Executive Officer, Nagar Parishad Bodhgaya |
| Date of notification for invitation of Request for Proposal (RFP) | 06.11.2026 |
| Date/time of Commencement of Downloading the tender document (RFP) | 17.11.2026 Time 10:30 AM |
| Pre-Bid Conference Date | 17.11.2026 Time 11:00 AM |
| Last Date/time of Uploading Tender Documents | 23.11.2026 Time 03:00 PM |
| Last Date of Submitting Documents | 24.11.2026 Time 03:00 PM |
| Date/time of opening of Technical Bid | 24.11.2026 Time 03:30 PM |
| Date/time of opening of Financial Bid | Financial bid will be opened only after successful completion of technical bid |

**Details of Bid:-**

| SN | Name of work | Total Estimate Cost (in Rs) | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Tender documents (Non Refundable) In Rs. | Bid processing Fees (Non Refundable) In Rs. | Time Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Design, Build, Construction of 25 TPD Compost Pit [Windrow] plant under Nagar Parishad Bodhgaya | 2,32,69,100.00 | 4,65,500.00 | 10,000.00 | As per e-proc 2 | 6 months |

**The bid forms and other details can be seen & downloaded from the website portal** https://www.eproc2.bihar.gov.in.

- RFP documents can be seen and Download on the eproc2 portal.
- Document fee is mandatory to be paid through online mode i.e. Internet payment gateway (Credit/Debit Card), Net banking, NEFT/RTGS.
- The prospective bidder shall be required to submit a EMD (2% of estimated project cost) and Performance Security equivalent to 5% value of the Project Cost in the form of Bank Guarantee/DD/RTGS/NEFT/IPG to the ULB as per terms of the Agreement.
- The RFP may be postponed, modified or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.

**Executive Officer**
**Nagar Parishad Bodhgaya**

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

PR. No.015207 (B&C) 2026-27

**नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।**

---

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

### भवन प्रमण्डल,छपरा

**शुद्धि–पत्र**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/2026–27 जिसका पी0आर0नं0 014914 ;ठब्क्द्ध 2026.27 जो छपरा जिलान्तर्गत विभिन्न अनुरक्षण एवं मरम्मती से संबंधित कार्य है में ग्रुप संख्या 03,47,48,49,50,51 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता साथ ही साथ परिमाण विपत्र बिक्री, निविदा जमा करने की तिथि तथा निविदा खोलने की तिथि में आवश्यक संसोधन किया जाता है :–

| क0 | कंडिका सं0 | विवरणी | निर्धारित तिथि | संसोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | 14-11-2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक | 26-11-2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक |
| 02 | 03 | निविदा जमा करने की तिथि | 17-11-2026 वो 02:00 बजे अपराह्न तक | 27-11-2026 को 02:00 बजे अपराह्न तक |
| 03 | 04 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17-11-2026 को 2:30 बजे अपराह्न तक | 27-11-2026 को 2:30 बजे अपराह्न तक |

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल,छपरा

PR- 015441 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।


**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

---

बिहार सरकार

### वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पटना

### गुमशुदा व्यक्ति की विवरणी



01. कांड सं0 :–कदमकुऑं थाना कांड सं0–762/26, दि0–18.10.26 धारा–137(2)/140(3)बी0एन0एस0
02. जिला :– पटना
03. थाना :– कदमकुऑं
04. गुमशुदा/अपहरण की तिथि :– 17.10.26
05. गुमशुदा/अपहरण का स्थान :– राजेन्द्र नगर रोड नं0–10
06. सूचना प्राप्ति की तिथि :– 18.10.26
07. लिग/उम्र :– पुरूष/48 वर्ष
08. धर्म :– हिन्दु
09. भाषा :– हिन्दी
10. शरीर का बनावट :– साधारण कद काठी
11. रंग :– गोरा
12. उचाई :– 5 फीट 5 इंच
13. पहचान/चिन्ह :– माथे पर पिछे बॉये तरफ कटे का निशान
14. गुमशुदा का पहनावा :– काला रंग का हाफ पैन्ट ब्लू रंग का टी0शर्ट हवाई चप्पल
15. गुमशुदा का नाम/पता :–मनिष कुमार झा उम्र करीब–48 वर्ष पिता–श्री जय नारायण झा पता–राजेन्द्र नगर रोड़ नं0–10 एम0 6/7 थाना–कदमकुऑं जिला पटना
16. कांड का विवरणी :–यह काण्ड वादिनी अनीता झा पति श्री मनिष कुमार पता–राजेन्द्र नगर रोड़ नं0–10 एम0 6/7 थाना–कदमकुऑं जिला पटना के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध वादिनी के पति–मनिष कुमार झा उम्र करीब–48 वर्ष को घर से जाने के पश्चात वापस नही लौटने के आरोप में प्रतिवेदित कराया गया है। काण्ड का सरॉश यह है कि वादिनी के पति–अपहृत/गुमशुदा मनिष कुमार झा दिनांक–17.10.26 को समय करीब 11:00 बजे अपने मकान से दवाई लाने हेतु जी0एम0 रोड के लिए निकले थे जो लौटकर वापस अपने घर नही पहुॅचे।
17. विशिष्टता :–
18. गुमशुदा के परिवार का पता एवं मोबाईल नं0 :– पता राजेन्द्रर नगर रोड़ नं0–10 एम0 6/7 थाना–कदमकुऑं जिला पटना मो0 नं0–7016409378

नरेन्द्र कुमार
कदमकुऑं थाना पटना

PR- 015204 (Police) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

---

बिहार सरकार

### समाहरणालय, जहानाबाद

अल्पकालीन सूचना

(जिला विधि शाखा)

बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित, 2018) के अन्तर्गत जप्त वाहनों/मकान के मालिकों के लिए नोटिशः–

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहनों/मकान के मालिकों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (यथा संशोधित 2018 एवं 2022) के अन्तर्गत शराब के परिवहन के आरोप में जप्त वाहनों/शीलबन्द मकानों के मालिक को इस नोटिस के द्वारा संबंधित वाहन/मकान के मालिक/हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद (संशोधित) नियमावली, 2023 (क) नियम 12 (क) के उप नियम (2) का वाद में निहित उपबंधों के आलोक में प्रपत्र–4 में अपना आवेदन बीमाकृत मूल्य के 10% से कम और 05 (पाँच) लाख रूपये से अधिक नहीं होगी एवं नियम 12 (ख) के उप नियम (2) का वाद में निहित उपबंधों के आलोक में प्रपत्र 5 में अपना आवेदन मकान/परिसर के मूल्यांकित राशि का 01 (एक) लाख रूपये से कम नहीं होगा। शास्ति (Penalty) की राशि जमा कराकर वाहन को छोड़ाने एवं मकान/परिसर को शीलबंद से मुक्त कराने हेतु (यदि आप वाहन छोड़ाने/मकान शीलबंद से मुक्त कराना चाहते हों तो) सुनवाई की निर्धारित तिथि कंडिका–07 एवं 08 के अंदर अपना आवेदन अपने न्यायालय प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा–सह–प्राधिकृत पदाधिकारी (मद्यनिषेध राजसात) जहानाबाद में प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | वाहन का पंजीयन संख्या | वाहन/परिसर का प्रकार | संबंधित थाना का नाम | थाना कांड संख्या | वाहन स्वामी का नाम/पता | सूनवाई की प्रथम तिथि | सूनवाई की द्वितीय तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | BR02BS-6601 | मोटरसाईकिल | जहानाबाद (कड़ौना) | 921/2025 | श्रीमति चित्रा देवी, पति श्री सत्येन्द्र कुमार, ग्राम–सेवनन, पोस्ट–पतरिया, थाना–कड़ौना, जिला–जहानाबाद, पिन–804454 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 2 | BR25C-8014 | हिरो ग्लैमर मोटरसाईकिल | उत्पाद थाना जहानाबाद | 254/2026 | श्रीमति विभा शर्मा, पति श्री मधेश्वर शर्मा, ग्राम–सुरदासपुर, पो0–मोदनगंज, थाना–ओकरी, जिला–जहानाबाद, पिन–804432 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 3 | BR25J-5072 | टी0भी0एस0 जुपीटर स्कूटी | उत्पाद थाना जहानाबाद | 271/2026 | श्री मुकेश कुमार, पिता श्री लेम्बु डोम, मो0–प्यारी मोहल्ला, पो0+थाना+जिला–जहानाबाद, पिन–804408 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 4 | BR25C-2418 | पैशन प्रो मोटरसाईकिल | सिकरिया | 166/2026 | श्री उमेश कुमार, पिता श्री विवश यादव, ग्राम–मरूआ, पोस्ट– पतरिया, थाना–कड़ौना, जिला–जहानाबाद, पिन–804454 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 5 | BR06GB-6683 | टाटा मोटर लि0–1613 (ट्रक) | उत्पाद थाना जहानाबाद | 181/2026 | श्री राम ईश्वर राय, पिता स्व0 महेन्द्र राय, ग्राम–एशवरी बन्जरिया पट्टी एशवरी कथैया मुजफरपुर, जिला–मुजफरपुर, पिन–843124 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 6 | BR02P-2809 | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल | मखदुमपुर (टेहटा) | 635/2024 | श्री राजेश पासवान, पिता श्री चन्द्रिका पासवान, ग्राम+पोस्ट– डकरा, थाना–मखदुमपुर, जिला–जहानाबाद, पिन–804422 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 7 | BR25C-8784 | पैशन प्रो मोटरसाईकिल | पाली | 161/2025 | श्री श्रवण चौधरी, पिता श्री सुखदेव चौधरी, ग्राम–निगारपाली, पोस्ट–पाली, थाना–पाली, जिला–जहानाबाद, पिन–804418 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 8 | BR01DY-1782 | होण्डा साईन सी0वी0 125 मोटरसाईकिल | उत्पाद थाना जहानाबाद | 189/2026 | श्री प्रदुमन कुमार, पिता श्री कृष्णा मिस्त्री, साकिन–मांदिल, पोस्ट–मांदिल, जिला–जहानाबाद, पिन–804408 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 9 | JH10T-7057 | महिन्द्र स्कॉर्पियो | जहानाबाद नगर | 464/2025 | श्री शशि कुमार, पिता श्री मुंशी सिंह, ग्राम–जैयतपुर, थाना–चंडी, जिला–नालंदा, पिन–801307 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 10 | JH10AH-2574 | मारूति सुजुकी स्विफ्ट कार | नगर थाना जहानाबाद | 946/2025 | श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी, पिता श्री रामचन्द्र चौधरी, मो0– प्रतापगंज शहिद वार्ड नं0–36 सासाराम, पोस्ट+थाना–सासाराम, जिला–रोहतास, पिन–821115 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 11 | BR01GB-3577 | पैशन प्रो मोटरसाईकिल | नगर थाना जहानाबाद | 172/2026 | श्री सुभाष कुमार चौधरी, पिता श्री सीताराम चौधरी, ग्राम–काशीनगर, पोस्ट–सोनमई, जिला–पटना, पिन–804451 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 12 | BR01FS-7360 | यामहा आर0–15 मोटरसाईकिल | उत्पाद थाना जहानाबाद | 786/2025 | श्री राजकिशोर कुमार, पिता श्री सर्वानन्द दास, ग्राम–सोहरामपुर बेहरावॉं, चक्सोरामपुर, जिला–पटना, पिन–801505 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 13 | JH18B-2500 | होण्डा सिटी कार | उत्पाद थाना जहानाबाद | 119/2026 | श्री शैलेश कुमार सिंह, पिता स्व0 परशुराम सिंह, लेन नं0–04 विजय नगर रूकुनपुरा बेली रोड पटना, पिन–800023 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 14 | BR01BG-3497 | पैशन प्रो मोटरसाईकिल | कड़ौना थाना | 181/2026 | श्री इन्द्रदेव प्रसाद, पिता श्री रामजी प्रसाद, ग्राम–केवड़ा, पोस्ट–धनरूआ, जिला–पटना, पिन–804451 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 15 | BR25A-8225 | पैशन प्रो मोटरसाईकिल | उत्पाद थाना जहानाबाद | 524/2024 | श्री लालदेव कुमार, पिता स्व0 रामकृत प्रसाद, ग्राम–मुरासा टोला पैगम्बरपुर, थाना–काको, जिला–जहानाबाद, पिन–804417 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 16 | BR02AY-5305 | स्पलेण्डर मोटरसाईकिल | विशुनगंज थाना | 106/2024 | श्री पिन्टु कुमार, पिता श्री प्रकाश यादव, ग्राम–तोतवा बिगहा, पोस्ट–श्रीपुर, थाना–विशुनगंज, जिला–जहानाबाद, पिन–804233 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 17 | BR01GH-8166 | टेम्पू | कड़ौना थाना | 1075/2025 | श्री जितेन्द्र कुमार, पिता श्री लीला रविदास, ग्राम–बैराम सराय, पो0+थाना–घोषी, जिला– जहानाबाद, पिन–804406 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 18 | BR25J-7759 | हिरो मोटरसाईकिल | मखदुमपुर | 817/2025 | श्री राजेश कुमार, पिता श्री राजेन्द्र चौधरी, ग्राम+पोस्ट+थाना–मखदुमपुर, जिला–जहानाबाद, पिन–804422 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 19 | BR25F-4790 | बजाज मोटरसाईकिल | उत्पाद थाना जहानाबाद | 05/2026 | श्री मोनू राज, पिता श्री सुरेन्द्र प्रसाद, मो0–कोर्ट एरिया होरिलगंज, पो0+थाना+जिला–जहानाबाद, पिन–804408 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 20 | खाता सं0–231, खेसरा सं0–991, लम्बाई–22 फीट X चौ0–14.25 = 313.5 =0.719 डी0 | कमरा | उत्पाद थाना जहानाबाद | 486/2025 | श्री पिन्टु कुमार, पिता श्री विजय यादव, ग्राम–डिहुरी, पो0–नौरू, थाना–परसबिगहा, जिला– जहानाबाद, पिन–804417 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 21 | खाता सं0–23, खेसरा सं0–209, रकवा–1.859 डी0 | कमरा | उत्पाद थाना जहानाबाद | 578/2025 | श्री रंजय सपेरा, ग्राम–शेखपुरा नट टोली, थाना+पो0–घोषी, जिला–जहानाबाद, पिन–804406 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 22 | BR25K-0186 | स्कूटी | उत्पाद थाना जहानाबाद | 821/2025 | श्री रमेश कुमार, पिता श्री सुरेश यादव, ग्राम–काजियाना, पोस्ट–धानाडिहरी, थाना–परसबिगहा, जिला–जहानाबाद, पिन–804429 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 23 | BR01PC-1261 | टेम्पू | नगर थाना जहानाबाद | 11/2019 | श्री रामेश्वर महतो, पिता श्री फुलचन्द महतो, ग्राम–सोहे, पो0+थाना–कड़ौना, जिला–जहानाबाद, पिन–804408 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 24 | BR09GC-5969 | पिकअप | कड़ौना थाना | 437/2025 | श्री अमीत पाठक, पिता श्री विशम्भर पाठक, वार्ड नं0–13, ग्राम–नन्दी नगर बलहा, जिला– समस्तीपुर, पिन–848117 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 25 | BR01CH-9744 | स्पलेण्डर प्रो0 मोटरसाईकिल | कल्पा थाना | 287/2025 | श्री हजारी राय, पिता श्री किशुनदेव राय, ग्राम–दलदली रोड, थाना–दानापुर, जिला–पटना, पिन–801503 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 26 | BR01AC-5807 | स्वीफ्ट कार | टेहटा थाना | 673/2025 | श्रीमति प्रिति गाँधी, पति श्री सुशील कुमार गुप्ता, मो0–छोटी बदलपुरा, वार्ड नं0–20, थाना–दानापुर, जिला–पटना, पिन–801505 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 27 | BR25J-6473 | टी0भी0एस0 जुपीटर स्कूटी | नगर थाना जहानाबाद | 589/2025 | श्री नन्द साव, पिता श्री हरीवंश साव, ग्राम+पो0–पंडौल, थाना–शकुराबाद, जिला–जहानाबाद, पिन–804425 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |
| 28 | BR25B-3098 | होण्डा साईन मोटरसाईकिल | नगर थाना जहानाबाद | 35/2025 | श्री देवकांत शर्मा, पिता श्री रामईश्वर सिंह, ग्राम–क्यालभवनसिर गणेशदत नगर राजाबाजार, जहानाबाद, पिन–804408 | 17.11.2026 | 30.11.2026 |

निर्धारित अवधि तक कोई दावा/पक्ष व कागजात प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि वाहन/शीलबंद मकान से आपका कोई सरोकार नहीं, तदनुसार उक्त जप्त वाहन/मकान को बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2018 (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानों के अधीन नियमानुसार अधिहरित कर नीलाम कर दिया जायेगा। समय सीमा के बाद कोई सुनवाई मान्य नहीं होगी।

जिला दण्डाधिकारी–सह–समाहर्त्ता
जहानाबाद

PR- 015347 (Dist.) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**